उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड
-अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ

सं0- 2 -विनियम-23/पाकालि-2002-5विनियम/98 दिनांक: 2, जनवरी, 2002

## कार्यालय ज्ञाप

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड के कार्यालय ज्ञाप सं0-2।।-विनियम-23/पाकालि-2001-।।विनियम/... दिनांक 6.12.2001 द्वारा उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता सेवा विनियमावली-1970 एवं उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद सहायक अभियन्ता ।सिविल। सेवा विनियमावली-1970 के विनियम-5 में निर्गत प्राविधानों को जैसा कि स्तम्भ-। में इंगित है, को एतद्द्वारा स्तम्भ-।। में दिये गये प्राविधानों से निम्नवत् प्रतिस्थापित कर लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है :-

| स्तम्भ-। | स्तम्भ-।। |
|---|---|
| उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता सेवा विनियमावली - 1970 | उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता सेवा विनियमावली - 1970 |
| विनियम -5 भर्ती का स्रोत | विनियम-5 भर्ती का स्रोत |
| ।1। सेवा में भर्ती हेतु सहायक अभियन्ता के कुल स्वीकृत पद निम्नानुसार विभिन्न वर्गों में विभाजित रहेंगे तथा प्रत्येक वर्ग की रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती/प्रोन्नति की कार्यवाही प्रत्येक वर्ष अलग-अलग की जायेगी। जिस वर्ष जिस वर्ग में पद रिक्त होंगे उसी वर्ग में भर्ती/प्रोन्नति की जायेगी। | ।1। सेवा में भर्ती हेतु सहायक अभियन्ता के कुल स्वीकृत पद निम्नानुसार विभिन्न वर्गों में विभाजित रहेंगे तथा प्रत्येक वर्ग की रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती/प्रोन्नति की कार्यवाही प्रत्येक वर्ष अलग-अलग की जायेगी तथा जिस वर्ष जिस वर्ग में पद रिक्त होंगे उसी वर्ग में भर्ती/प्रोन्नति की जायेगी :- |
| ।क। 57 प्रतिशत -------प्रशिक्षित अभियंताओं में से सीधी भर्ती हेतु। | ।क। 50$\frac{1}{3}$ प्रतिशत -------प्रशिक्षित अभियंताओं में से सीधी भर्ती हेतु। |
| ।ख। 33.33 प्रतिशत -------अवर अभियंता से प्रोन्नति द्वारा चयन वर्ग के सदस्यों से परिशिष्ट "ग" में विहित रीति के अनुसार पदोन्नति हेतु। | ।ख। 40 प्रतिशत -------अवर अभियन्ता से प्रोन्नति द्वारा चयन वर्ग के सदस्यों से परिशिष्ट "ग" में विहित रीति के अनुसार पदोन्नति हेतु। |
| ।ग। 1.33 प्रतिशत -------स्थायी एवं अर्ह संगणकों ।चयन वर्ग। ।विद्युत/यांत्रिक। से परिशिष्ट "ग" में विहित रीति के अनुसार पदोन्नति हेतु। | ।ग। 1$\frac{1}{3}$ प्रतिशत ------स्थायी एवं अर्ह संगणकों ।चयन वर्ग। ।विद्युत एवं यांत्रिक। से परिशिष्ट "ग" में विहित रीति के अनुसार पदोन्नति हेतु। |
| ।घ। 8.33 प्रतिशत ------डिग्रीधारी अवर अभियंता/संगणकों से प्रोन्नति हेतु ऐसे अवर अभियन्ता/संगणकों जो बी0ई0/ए0एम0आई0ई0 की अर्हता प्राप्त हो तथा जिन्होंने चयन वर्ष के प्रथम दिवस ।प्रथम जुलाई। को अवर अभियंता/संगणक पद पर 10 वर्षों की अर्ह सेवा पूरी कर ली हो। | ।घ। 8$\frac{1}{3}$ प्रतिशत ------डिग्रीधारी अवर अभियंता संगणकों से प्रोन्नति हेतु ऐसे अवर अभियन्ता/संगणकों जो बी0ई0/ए0एम0आई0ई0 की अर्हता प्राप्त हो तथा जिन्होंने चयन वर्ष के प्रथम दिवस ।प्रथम जुलाई। को अवर अभियन्ता/संगणक पद पर 10 वर्षों की अर्ह सेवा पूरी कर ली हो। |

Scanned with CamScanner

30



प्रतिबन्ध यह है कि उपर्युक्त (घ) के विरुद्ध भरे जाने वाले पदों की संख्या, अवर अभियन्ता व संगणकों में से बाँटी जायेगी, जो उपर्युक्त (ख) एवं (ग) में वर्णित पदोन्नति के कोटे के अनुपात में होगी।

उ०प्र० राज्य विद्युत परिषद सहायक अभियंता (सिविल) सेवा विनियमावली- 1970

विनियम -5 (भर्ती का स्रोत)

(1) सेवा में भर्ती, किसी भी वर्ष में निम्न प्रकार से की जायेगी :-

(i) परिशिष्ट "क" में वर्णित नियम व रीति के अनुसार सीधी भर्ती द्वारा ----------------57 प्रतिशत

(ii) परिशिष्ट "ख" में वर्णित रीति के अनुसार अवर अभियन्ता (सिविल) से पदोन्नति द्वारा ------33 1/3 प्रतिशत

(iii) परिशिष्ट "ख" में वर्णित रीति के अनुसार स्थायी व अर्हता प्राप्त संगणकों (प्रवरण श्रेणी) (सिविल) से पदोन्नति द्वारा --------1 1/3 प्रतिशत

(iv) डिग्रीधारी अवर अभियन्ता/ संगणक से प्रोन्नति हेतु ऐसे अवर अभियन्ता/ संगणक जो बी०ई०/ए०एम०आई०ई० की अर्हता प्राप्त हो तथा जिन्होंने चयन वर्ष के प्रथम दिवस (प्रथम जुलाई) को अवर अभियन्ता/संगणक पद पर 10 वर्षों की अर्ह सेवा पूरी कर ली हो -------------8.33 प्रतिशत

प्रतिबन्ध यह है कि उपर्युक्त (घ) के विरुद्ध भरे जाने वाले पदों की संख्या, अवर अभियन्ता व संगणकों में से बाँटी जायेगी जो उपर्युक्त (ख) एवं (ग) में वर्णित पदोन्नति के कोटे के अनुपात में होगी।

उ०प्र० राज्य विद्युत परिषद सहायक अभियंता (सिविल) सेवा विनियमावली- 1970

विनियम -5 (भर्ती का स्रोत)

(1) सेवा में भर्ती हेतु सहायक अभियंता के कुल स्वीकृत पद निम्नानुसार विभिन्न वर्गों में विभाजित रहेंगे तथा प्रत्येक वर्ग की रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती/प्रोन्नति की कार्यवाही प्रत्येक वर्ष अलग-अलग की जायेगी तथा जिस वर्ग में, जिस वर्ग में पद रिक्त होंगे उसी वर्ग में भर्ती/प्रोन्नति की जायेगी :-

(क) परिशिष्ट "क" में वर्णित नियम व रीति के अनुसार सीधी भर्ती द्वारा ----------50 1/3 प्रतिशत

(ख) परिशिष्ट "ख" में वर्णित रीति के अनुसार अवर अभियंता (सिविल) से पदोन्नति द्वारा ------------------40 प्रतिशत

(ग) परिशिष्ट "ख" में वर्णित रीति के अनुसार स्थायी व अर्हता प्राप्त संगणकों (प्रवरण श्रेणी) (सिविल) से पदोन्नति द्वारा ---------------------1 1/3 प्रतिशत

(घ) डिग्रीधारी अवर अभियन्ता/संगणक से प्रोन्नति हेतु ऐसे अवर अभियन्ता/संगणक जो बी०ई०/ए०एम०आई०ई० अर्हता प्राप्त हों तथा जिन्होंने चयन वर्ष के प्रथम दिवस (प्रथम जुलाई) को अवर अभियन्ता/संगणक पद पर 10 वर्षों की अर्ह सेवा पूरी कर ली हो ----------8 1/3 प्रतिशत

-------3